नवभारत

माहिम से दादर के बीच मेट्रो मार्ग तैयार

मेट्रो 3 का 35 प्रतिशत काम पूरा

कार्यालय संवाददाता

मुंबई. मेट्रो 3 के काम को रफ्तार देते हुए एमएमआरसी ने नया नगर (माहिम) से दादर मेट्रो के भूमिगत मार्ग की खुदाई का काम पूरा कर लिया है. टनेल बोरिंग मशीन कृष्णा 1 व 2 ने नयानगर से 21 सितंबर 2017 व 18 अक्टूबर 2017 से खुदाई का काम शुरू किया था. कृष्णा 1 ने नयानगर महिम से दादर मेट्रो स्टेशन के अप मार्ग पर 2 हजार 490 मीटर मार्ग तैयार किया है.

1 कृष्णा 2 ने डाऊन दिशा की तरफ 2 हजार 472 मीटर भूमिगत मार्ग तैयार किया है. एमएमआरसी के अनुसार दोनों टनेल बोरिंग मशीन रोजाना 10 से 12 मीटर खुदाई किया करती थी. इससे पहले दूसरी टनेल बोरिंग मशीन ने सिप्झ व इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास सुरंग की खुदाई का काम पूरा कर चुकी है. एमएमआरसी की प्रबंध निदेशक अश्विनी भिड़े ने कहा कि मेट्रो 3 के लिए सुरंग तैयार करने का काम 35 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है.

2 विभिन्न स्थानों पर 18 किलोमीटर तक मेट्रो के लिए खुदाई का काम पूरा हो चुका है. मुंबईकरों को ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए कोलाबा बांद्रा और सीप्ज के बीच मेट्रो 3 का निर्माण किया जा रहा है. मेट्रो का काम वर्ष 2021 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. 27 स्टेशनों वाले मेट्रो 3 कॉरिडोर में 26 स्टेशन भूमिगत होंगे जबकि केवल 1 स्टेशन ही जमीन पर होगा.

Navabharat Mumbai Edition
1 Feb, 2019 Page No. 3